प्रादेशिक समाचार
दिनांक–17.05.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल का जनसंवाद अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में आज उन्होंने हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र स्थित वार्ड 31 और 32 के विभिन्न इलाकों का पैदल भ्रमण किया। मौके पर उन्होंने स्थानीय जनता से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए सकारात्मक पहल करने का भरोसा दिलाया।

****

भाजपा नेता अनिल टाईगर हत्याकांड का मुख्य सरगना अभिषेक कुमार सिन्हा उर्फ सूरज सिन्हा को राँची पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उस पर 20 लाख रू0 सुपारी के लिए कटहल मोड़ के छड़–सिमेंट व्यवसायी राधेश्याम साहु पर जानलेवा हमला करने का षडयंत्र रचने का भी आरोप है।

****

रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री को फेम इंडिया मैगजीन और एशिया पोस्ट द्वारा जारी देश के सर्वश्रेष्ठ जिलाधिकारियों की सूची में स्थान मिला है। देशभर के करीब 800 जिलों के अधिकारियों के कार्यों के अध्ययन के बाद तैयार इस सूची में उन्हें बेहतर प्रशासन, जनसरोकार और विकास कार्यों के आधार पर चुना गया है। चयन प्रक्रिया में प्रशासनिक क्षमता, प्रभावी गवर्नेंस, नवाचार, संकट प्रबंधन और जनभागीदारी जैसे मानकों को शामिल किया गया। इस सूची में देशभर के एक सौ जिलाधिकािरियों को स्थान मिला है।

****

साहिबगंज जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में गुम हुए मोबाइल के पुनर्वितरण को लेकर साहिबगंज के सिदो कान्हु सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सामुदायिक पुलिसिंग के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में मोबाइल धारकों के बीच मोबाइल का वितरण कर जनविश्वास को बढ़ावा दिया जा रहा है।

यह कार्यक्रम उपायुक्त दीपक दूबे, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह और वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग की देखरेख में आयोजित किया जा रहा है।

****

जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने वन विभाग की जिला वन पदाधिकारी सबा आलम अंसारी के साथ मानगो से सटे दलमा पहाड़ की तलहटी के विभिन्न क्षेत्रों का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र को पर्यावरण और पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने की योजना पर सहमति बनी। प्रस्ताव के तहत चंद्रावती नगर, गोपाल नगर, कुमरूम बस्ती और पारडीह के आसपास पार्क, तालाब, पाथ–वे और बच्चों के लिए चिल्ड्रेन पार्क विकसित किए जाएंगे। इन क्षेत्रों को इको–टूरिज्म केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना है। विधायक ने कहा कि दलमा की तलहटी प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर है और यहां पर्यावरण अनुकूल विकास कार्य किए जाएंगे।

****

आज विश्व उच्च रक्तचाप दिवस है। इसका उद्देश्य उच्च रक्तचाप के बारे में वैश्विक जागरूकता, रोकथाम, पहचान और नियंत्रण को बढ़ावा देना है। इस वर्ष का विषय है–उच्च रक्तचाप को मिलकर नियंत्रित करें, नियमित रूप से अपने रक्तचाप की जांच करें और इस बीमारी को हराएं।

इधर, राज्य के स्वास्थ्य विभाग की ओर से नागरिकों को नियमित व्यायाम करने, फल और सब्जियों का अधिक सेवन करने तथा वजन नियंत्रित रखने की सलाह दी गई है। स्वास्थ्य संबंधी जानकारी या शिकायत के लिए 24 घंटे संचालित हेल्पलाइन नंबर 104 पर संपर्क करने की सुविधा उपलब्ध है।

****